जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ | By Ram Sawariya

चर्चा श्याम धणी का मैं करता जाता हूँ
हर ग्यारस पे बाबा तेरे दर पे आता हूँ
मैं हर प्रेमी को जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ

श्याम धणी तेरे नाम की चर्चा
ना कोई टेंशन ना कोई खर्चा
जिसे भी देखु खाटूवाले
नाम तेरे की करता बरखा
तेरा नाम ही लेके मैं गाता जाता हूँ
मैं हर प्रेमी को जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ

नाम हरी का मन में बसा लो
ह्रदय में ज्योति को जगा लो
ह्रदय में ज्योति को जगा के
जीवन के तुम कष्ट मिटा लो
नाम हरी का लेके कष्ट मिटाता जाता हूँ
मैं हर प्रेमी को जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ

श्याम धणी तेरा शीश सजाऊँ
चन्दन केसर तिलक लगाऊं
कानो में कुण्डल पहना के
बाबा तुझको रोज़ सजाऊँ
कानो में कुण्डल पहना के इत्तर लगता हूँ
मैं हर प्रेमी को जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ

भारत का अब बच्चा बच्चा
हर कीर्तन में जाता है
श्याम जगत का हर एक प्रेमी
जय श्री श्याम बुलाता है
राम सावरिया से कीर्तन करवाना चाहता हूँ
मैं हर प्रेमी को जय श्री श्याम बुलाता जाता हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be/